महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026–27 / 2166-2172 दिनांकः–27.04.2026

सेवा में, **अनुस्मारक–01**

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं बरेली, मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–राष्ट्रीय सेवा योजना–वार्षिक आख्या डाटा विवरण 2025–26 का उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक संख्या रू0वि0 / रासेयो / 2026–27 / 2105–2107, दिनांक 13.04.2026 का अवलोकन करने का कष्ट करें, कि रा0से0यो0 के अन्तर्गत वर्ष भर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, विशेष शिविरों एवं शासन द्वारा समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देश प्रदान किए जाते हैं। इन सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के उपरान्त उनकी विस्तृत आख्या/रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को प्रेषित किया जाना अनिवार्य है।

किन्तु यह देखा जा रहा है कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा कार्यक्रमों की आख्या/रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी जा रही है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत वर्ष भर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, विशेष शिविरों एवं शासन द्वारा समय–समय पर प्रेषित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के पश्चात् उसकी रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा रिपोर्ट समय से उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो आगामी नवीन सत्र में ऐसे महाविद्यालयों को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई आवंटित नहीं की जा सकेगी, जिसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। कृपया उक्त निर्देशों का गंम्भीरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय

/

डॉ0(राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ–226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Rajiv

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना